**दिनांक 13.03.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में गया जी जिलान्तर्गत नीमचक बथानी प्रखंड के बथानी, मई, सिंघौल पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य से प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

**उपस्थिति:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | **श्री कुमार रवि,**<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | **अध्यक्ष** |
| (ii) | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,**<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव<br>भवन निर्माण बिभाग, पटना। | - | **सदस्य** |
| (iii) | **श्री मनोज कुमार सिंह,**<br>मुख्य अभियंता (दक्षिण),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | **सदस्य** |
| (iv) | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | **सदस्य** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - | गया जी जिलान्तर्गत नीमचक बथानी प्रखंड के बथानी, मई, सिंघौल पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹250.23129 लाख (अपर सचिव, पंचायती राज विभाग का ज्ञापांक-1291 दिनांक-08.02.2024)। |
| 3 | मॉडल तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹ 2,46,39,497/- (मु0अभि0 (द0) का पत्रांक-1110(द0) अनु0 दिनांक-12.06.2024)। |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि (मॉडल) | - | ₹ 2,32,64,740/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - | ₹ 7,35,77,924/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - | पी0आर0संख्या-015245(भ0)25-26 हिन्दुस्तान समाचार पत्र में दिनांक-17.09.2025 को प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 16.12.2025 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - | 23.12.2025 / 31.12.2025 |
| 9 | निविदा की तिथि | - | 12.01.2026 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - | 13.01.2026 |
| 11 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | - | (1) कुमार इन्टरप्राईजेज एण्ड कंपनी, कॉके रोड, रॉची, झारखंड (Reg. No-UDYAM JH-20-0010795)।<br>(2) मे0 सरस्वती ट्रेड्र्स एण्ड इंजिनियरिंग, मोहनपुर, गौरीचक, पटना (Reg. No-1250134, Class-I, BCD, Bihar)। |

12 **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्य:-</u>**

**<u>प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाही:-</u>**

इस निविदा में त्रुटि पूर्ण निविदा रहने के कारण निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**<u>द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाही:-</u>**

इस निविदा में एकमात्र निविदाकार सफल होने के कारण प्रथम दृष्ट्या समुचित प्रतिस्पर्धा की कमी का द्योतक प्रतीत होता है। अतः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से निविदा को रद्द कर **पुनर्निविदा** एवं निविदा में निविदाकार द्वारा निविदा प्राप्त

करने के लिए गलत कागजात समर्पित करने के कारण **बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई करने** का निर्णय लिया गया।

**<u>तृतीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-</u>**

इस निविदा में एकमात्र निविदाकार असफल होने के कारण निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**<u>चतुर्थ बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-</u>**

दिनांक 27.01.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्पत्ति से (1) मे० सरस्वती ट्रेड्र्स एण्ड इंजिनियरिंग, मोहनपुर, गौरीचक, पटना को **सफल** एवं (2) कुमार इन्टरप्राईजेज एण्ड कंपनी, कॉके रोड, रॉची, झारखंड को **असफल** घोषित किया गया था।

पुनः दिनांक 18.02.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गया जी द्वारा निविदा मे शामिल कूल दो निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस०बी०डी० की कंडिका-4.5A(b) के तहृत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहृत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा दो निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत् पाया गयाः-

**प्रथम निविदाकार** कुमार इन्टरप्राईजेज एण्ड कंपनी, कॉके रोड, रॉची, झारखंड (Reg. No-UDYAM JH-20-0010795) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया किः- (i) निविदा की शर्त्तों में मांगी गयी NIT कंडिका-09 "कोई भी संवेदक जो केन्द्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक/क्षेत्रों में निबंधित हो अथवा अंतराष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर के हो, निविदा में भाग ले सकते है, परंतु इस राज्य से संबंधित विभाग का रजिस्ट्रेशन कराना उक्त कार्य का Letter of Acceptence प्राप्त होने के बाद अनिवार्य होगा" के विरूद्ध संवेदक द्वारा Udyam Registration Certificate (UDYAM-JH-20-0010795) उपलब्ध कराया गया है, जो निविदा की शर्त्तो को पूरा नहीं करता।

(ii) निविदा की शर्त्तों में मांगी गयी SBD की कंडिका-4.5B(a) के तहृत (a) Concrete Mixer with integral weigh Batching Facility के विरूद्ध निविदाकार द्वारा 1 Bag 8HP Concrete Mixer Diesel Engine 15M3/Hr का Tax Invoice उपलब्ध कराया गया है, जो मांगी गयी weight Batching Facility की अर्हता को पूरा नहीं करता है।

(b) Water Tank के विरूद्ध निविदाकार द्वारा Shree Ram Store, Morabadi, Ranchi से Agreement की Copy उपलब्ध कराय गया है, परंतु इससे संबंधित कोई भी Tax Invoice नहीं पाया गया, जो निविदा की शर्त्तो को पूरा नहीं करता है।

(iii) निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी SBD की कंडिका-4.5A(d) के तहृत विद्युत रजिस्ट्रेशन एवं विद्युत संबंधि कार्य कराने हेतु Mutual Affidavit के माध्यम से R.S Electricals का रजिस्ट्रेशन उपलब्ध कराया गया है, परंतु उक्त (Registration Name) से कोई अनुभव प्रमाण-पत्र नहीं पाया गया था, जो निविदा की शर्त्तो को पूरा नहीं करता है।

(iv) निविदा की शर्त्तों में मांगी गयी SBD की कंडिका-4.5A(b) एवं 4.5A(c) के विरूद्ध निविदाकार द्वारा कुल तीन अनुभव प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराया गया है।

जिसमें दो अनुभव प्रमाण-पत्र Civil Works Manager, JEPC Dhurwa, Ranchi के स्तर से निर्गत किया गया है जबकि 1 अनुभव प्रमाण-पत्र Assistant Engineer JEP, Gumla के स्तर से निर्गत किया गया है, जिसे अमान्य करने पर निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी MS Work, Vitrified, Ceramic, Kota Tiles एवं Fire Fighting मदों की अर्हता को पूरा नहीं होता है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉसिव"** पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार** मे0 सरस्वती ट्रेडर्स एण्ड इंजिनियरिंग, मोहनपुर, **गौरीचक, पटना** (Reg. No-1250134, Class-I, BCD, Bihar) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। दिनांक-06.02.2026 को मे0 सरस्वती ट्रेडर्स एण्ड इंजिनियरिंग, मोहनपुर, गौरीचक, पटना को चतुर्थ बार आमंत्रित निविदा में एकमात्र निविदाकार सफल होने के कारण विभागीय निविदा समिति के स्तर से तकनीकी बीड का निष्पादन किया गया था, परन्तु वित्तीय बीड पर अग्रेत्तर कार्रवाई के क्रम में सफल निविदाकार का बिडिंग कैपिसिटि की पुनः जॉच की गयी।

जॉचोपरांत पाया गया कि विषयांकित कार्य हेतु आमंत्रित ई0 निविदा के SBD के Section-02 अन्तर्गत Qualification Information (जो निविदाकार द्वारा भरा जाना है) के कंडिका- 1.4(A) अन्तर्गत Existing Commitments and on going works हेतु ₹6,22,73,005/- का अभिलेख उपलब्ध कराया गया है, परन्तु इस निविदाकार को Construction of New Panchayat Sarkar Bhawan (Civil+Electrical Work) at Mera Patauna Panchayat and Mouri Panchayat Sarkar in Paliganj Block Patna का कार्य आवंटित किया गया है जिसकी राशि ₹4,74,65,456/- मात्र है।

इस कार्य की राशि को समावेशित करने पर Existing Commitments and on going works ₹10,97,38,461/- मात्र हो जाती है। जिसके कारण Bidding Capacity ₹7,06,76,439/- मात्र शेष रह जाती है जो वांछित अर्हता ₹7,35,77,924/- से कम है। अतः उक्त निविदाकार को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड में नॉन-रिसपॉसिव किया जाता है।

इस प्रकार दोनों निविदाकार को तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से दोनों निविदाकार के असफल होने के कारण निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने की अनुशंसा हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

14 विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-

विषयांकित कार्य गया जी जिलान्तर्गत नीमचक बथानी प्रखंड के बथानी, मई, सिंघौल पंचायत सरकार भवन के निर्माण कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा पर सहमति प्रदान की गयी। इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| ह0/- | ह0/- | ह0/- | ह0/- |
|---|---|---|---|
| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | (मनोज कुमार सिंह)<br>मुख्य अभियंता (द0)<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त<br>-सह- विशेष सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | (कुमार रवि)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। |

ज्ञापांक भवन/मु0अभि0(द0)यो0-03-40/2025.........825 ..........  पटना/दिनांक....13/03/26....

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता (द0)।

E:/V/PSB-F. P./2026/docx 11